
Nai Dunia (Indore), 16th April 2013, Page- 02

# आईआईटी इंदौर के दीक्षांत समारोह में आएंगे राष्ट्रपति



इंदौर। आईआईटी इंदौर का पहला दीक्षांत समारोह 8 जून को आयोजित होगा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी शामिल हो रहे हैं। वे समारोह में आईआईटी के टॉपर विद्यार्थियों को मैडल देकर सम्मानित करेंगे।

2009 में आईआईटी इंदौर की स्थापना हुई थी। इस वर्ष संस्थान की पहली बैच पासआउट हो रही है। पहली बैच में डेढ़ सौ से ज्यादा विद्यार्थियों को बीटेक की उपाधि प्रदान की जाएगी। समारोह को खास बनाने के लिए संस्थान की ओर से राष्ट्रपति डॉ. प्रणब मुखर्जी को न्यौता दिया गया था। राष्ट्रपति भवन की ओर से उनके आतिथ्य को स्वीकार करने की सहमती दे दी गई है।

आईआईटी प्रशासन ने इसकी पुष्टी कर दी है। संस्थान के अनुसार जल्द ही समारोह की औपचारिक घोषणा कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि आईआईटी ने स्थापना के बाद अपने पहले सत्र के उद्घाटन के लिए भी राष्ट्रपति को आमंत्रित किया था। तत्कालिन राष्ट्रपति ने प्रारंभिक रूप से इसकी सहमति दे दी थी। हालांकि बाद में उनका आना टल गया था। -नप्र